राजवाड़ा में इन दिनों जीर्णोद्धार का कार्य तेजी से चल रहा है।

आठ माह बाद पुलिस ने दर्ज किया केस

# सुनार का लाखों का सोना लेकर फरार हुआ कर्मचारी

दबंग रिपोर्टर ■ इंदौर

एक सुनार ने कर्मचारी को चेयर बनाने के लिए सोना दिया था, जिसे लेकर वह फरार हो गया। सुनार ने मामले की शिकायत आठ महीने पहले पुलिस को की थी। मामले में सोमवार को आरोपी कर्मचारी के खिलाफ केस दर्ज किया गया।

एरोड्रम पुलिस के मुताबिक क्षेत्र के अशोक नगर निवासी नीलेश सोनी घर पर ही सोने-चांदी के चेयर बनाते हैं। उनकी दुकान पर दुर्गेश सोनी निवासी जयपुर (राजस्थान) चेयर बनाता था। कुछ समय पहले वह काम छोड़कर चला गया। 16 नवंबर 2018 को वापस आया तो उन्होंने उसे काम पर रख लिया। नीलेश ने उसे 70 ग्राम सोना चेयर बनाने के लिए दिया था। दो दिन तक उसने नीलेश के घर आकर काम किया। उसके बाद वह 70 ग्राम सोना लेकर फरार हो गया। दूसरे दिन नहीं आया तो उन्होंने उसे फोन किया, लेकिन मोबाइल बंद था।

दुर्गेश की तलाश में नीलेश ने उसके परिचितों के घर जाकर पूछताछ की तो पता चला कि वह अपने घर जा सकता है। इस पर नीलेश जयपुर स्थित दुर्गेश के घर भी गए। परिजन ने बताया कि वह घर नहीं आया। नीलेश ने जयपुर पुलिस को भी वारदात की सूचना दी थी। सोमवार को एरोड्रम पुलिस ने दुर्गेश के खिलाफ अमानत में खयानत का केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

जनसुनवाई में एसएसपी से शिकायत

# प्लॉट पर काम रोकने को लेकर रसूखदारों ने महिला को धमकाया

एसएसपी रुचिवर्धन मिश्र से मुलाकात करता हम्माल संघ का प्रतिनिधिमंडल।

दबंग रिपोर्टर ■ इंदौर

एरोड्रम में एक प्लॉट पर निर्माण को लेकर एक महिला को धमकी दी गई। इसमें पीड़िता ने मंगलवार को जनसुनवाई में एसएसपी को शिकायत की है। उक्त प्लॉट को लेकर दो लोगों ने उसे जान से मारने को लेकर धमकाया है। मामले में एरोड्रम पुलिस को जांच दी गई है।

एसएसपी रुचिवर्धन मिश्र के पास जनसुनवाई में सोनू पति अरविंद प्रजापति निवासी कुशवाह नगर पहुंचीं। उन्होंने बताया कि मई 2018 में जकिर हुसैन से छोटा बांगड़दा सूर्यदेव नगर में एक प्लॉट का सौदा किया था। जिसमें वह मकान निर्माण का काम करवा रही थीं। 8 अगस्त 2018 को जब वहां काम चल रहा था तो गजेंद्र और दीपक पंडित नाम के दो व्यक्ति प्लॉट पर आए और उक्त प्लॉट पर काम रोकने की बात करने लगे। पीड़िता ने मामले में प्लॉट के दस्तावेज होने की बात कही। लेकिन उन्होंने उसके पहले खुद का सौदा होने की बात करते हुए वहां से हटने के लिए कहा। जब पीड़िता ने उनसे दस्तावेज मांगे तो उसने इनकार कर दिया और काम रोकने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़िता ने बताया कि उसके बाद लगातार वहां असामाजिक तत्व आकर काम नहीं करने दे रहे हैं। फिलहाल मामले में एरोड्रम पुलिस का जांच दी गई है।

## हम्माल संघ का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा एसएसपी से मिलने

दबंग रिपोर्टर ■ इंदौर

भंवरकुआं, रावजी बाजार, सेंट्रल कोतवाली और लसूड़िया में खड़ी कराई को लेकर हम्मालों का नाम फिर सामने आने लगा था, जिसमें बड़े व्यापारियों पर आरोप लगाते हुए संघ का प्रतिनिधिमंडल भी एसएसपी से मिलने पहुंचा।

जिला हम्माल कल्याण महासंघ के नेता जगमोहन वर्मा, प्रताप राजोरिया और जानकीलाल सिलावट एसएसपी से मिलने पहुंचे। उन्होंने बताया कि पालदा चितावद, पत्थर मुंडला, नायता मुंडला, देवगुराड़िया और दुधिया की करीब 15 के लगभग हम्माल संघ का रजिस्ट्रेशन राज्य शासन द्वारा किया गया। इसमें करीब 10 हजार हम्माल करीब 30 साल से शांतिपूर्वक ढंग से काम कर रहे हैं। कुछ व्यापारियों द्वारा आर्थिक लाभ कमाने और चुनाव आने के दौरान हम्माल संघ को निशाना बनाकर पूरा ताना-बना बुना जाता है। उन्होंने बताया कि जब तक व्यापारी खुद गाड़ी खाली करने को लेकर नहीं बुलाता है, मजदूर वहां नहीं जाते। लेकिन खड़ी कराई की आड़ में उन्हें डरा धमकाकर शासन का दबाव बनवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिना जांच के पुलिस को उक्त मामले में सीधे प्रकरण दर्ज नहीं करना चाहिए।

## हत्या के केस में खर्च हुए रुपए मांगने पहुंचे गुंडे ने पेंचकस से किया हमला

दबंग रिपोर्टर ■ इंदौर

हत्या के केस में खर्च हुए रुपए मांगने पहुंचे गुंडे ने दो भाइयों से मारपीट की। उसने विवाद के दौरान पेंचकस से हमला कर दिया। पुलिस ने गुंडे के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

रावजी बाजार पुलिस के अनुसार चंपाबाग निवासी साबिर खां पिता छोटे खां थाने पहुंचा। उसने बताया कि सईद उर्फ समोसा निवासी सिकंदराबाद कॉलोनी उसके पास पहुंचा था। वह कहने लगा कि तुमने हमारे भाई का मर्डर किया है। उसमें तुम्हें सजा कराने में मेरे बहुत पैसे खर्च हो गए। मैं पूरे पैसे तुझसे वसूल करूंगा। वे कहकर उसने 10 हजार रुपए मांगे। इनकार किया तो सईद ने जेब से पेंचकस निकालकर मेरे कान के नीचे मार दिया, जिससे मैं घायल हो गया। सईद ने मेरे छोटे भाई शफी को भी लात-घूंसे से पीटा। उसे भी चोट आई। पुलिस ने गुंडे सईद के खिलाफ वसूली और मारपीट का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ट्रक ड्राइवर ने सरिया निकालकर कबाड़ी को बेचा, केस

इंदौर। ट्रांसपोर्ट के ट्रक ड्राइवर ने सरिया चुराकर एक कबाड़ी को बेच दिया। ट्रांसपोर्टर ने वजन की रसीद देखी तो वारदात का पता चला। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर और कबाड़ी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

चंदन नगर पुलिस के अनुसार निवासी पिता सुरेश वर्मा निवासी सुभाष कॉलोनी, बाणगंगा रविवार को थाने पहुंचे। उन्होंने पुलिस को बताया कि ड्राइवर अशोक को उन्होंने अपना ट्रक (एमपी-09-जीई-76 43) दिया था। उसमें सरिया भरा था, जिसे वह डिलिवर करने के लिए निकला था। उन्होंने ट्रक देने के पहले माल सहित ट्रक का वजन करा लिया था। जब पार्टी के पास माल पहुंचा तो पता चला कि उसका वजन कम है। निवासी ने ड्राइवर अशोक से पूछताछ की तो बहाना बनाने लगा। उन्होंने माल चेक किया तो उसमें से सरिये कम निकले। मामले की शिकायत थाने में की गई। पुलिस ने ड्राइवर अशोक को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान बताया कि उसने कुछ सरिये ट्रक से निकालकर सादिक कबाड़ी निवासी नवापुरा को बेच दिए थे। पुलिस ने उसे भी हिरासत में लेकर केस दर्ज किया है।

## चोरी के मामले में नाबालिग सहित चार बदमाश पकड़ाए, माल भी बरामद

दबंग रिपोर्टर ■ इंदौर

जूनी इंदौर पुलिस ने चोरी के माल के साथ एक नाबालिग सहित चार बदमाशों को पकड़ा है। आरोपी इलाके में वारदात को अंजाम देते थे। उनसे कुछ सामान भी बरामद हुआ है। पुलिस अन्य चोरियों के बारे में आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

टीआई देवेन्द्रसिंह के मुताबिक इलाके में लगातार चोरियों को लेकर एक टीम बदमाशों की तलाश में काम कर रही थी। मंगलवार को पुलिस ने दिलीप पिता किशोरीलाल शर्मा निवासी गाड़ी अड्डा, कुलदीप पिता मुकेश यादव, बाबू उर्फ मनीष उर्फ सुमित पिता ओमप्रकाश सारवान व 16 साल के एक लड़के को चोरी का माल बेचने के मामले में पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से सोने के चेयर, एलईडी टीवी और अन्य सामान बरामद किया है। आरोपियों ने पान की दुकान और एक अन्य दुकान पर भी चोरी करना कबूला है।

96 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में समर्पित
श्री गुजराती समाज, इन्दौर
1, नसिरा रोड, इन्दौर फोन : 0731-2706458, 2703447
e-mail : sgsindore@hotmail.com website: www.shrigujaratisamajindore.com

॥ उत्तम क्षमा ॥
छोटा सा संसार गलतियां अपार आपके पास है क्षमा का अधिकार कर लीजिए निवेदन स्वीकार!

विन्शोरभाई दोशी
अध्यक्ष

मुकेशभाई पटेल
उपाध्यक्ष

दीपकभाई मोदी
मानद हिसाबनीस

अमितभाई दवे
मानद सह हिसाबनीस

अतुलभाई शेठ
अध्यक्ष-शिक्षण समिति
(कॉलेज-रकीम नं. 5)

गोविंदभाई पटेल
अध्यक्ष-
शिक्षण समिति (स्कूल)

सुरेशचन्द्र पटेल
चेयरमेन-
शिक्षण बेकारी समिति

दीपकभाई जे. सोनी
मानद सहमंत्री

डॉ.जयेशभाई शाह
मानद सहमंत्री

नवनीतभाई पटेल
मंत्री-बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज

पंकजभाई संघवी
अध्यक्ष-बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज
एवं मानद महामंत्री

प्रदीपकुमार शाह
मानद कोषाध्यक्ष

नरेन्द्रभाई जी. पटेल
अध्यक्ष-शिक्षण समिति कॉलेज
(नसिरा एवं महामंत्री रोड)

सुरेशचन्द्र पटेल
चेयरमेन-
शिक्षण बेकारी समिति

दीपकभाई जे. सोनी
मानद सहमंत्री

डॉ.जयेशभाई शाह
मानद सहमंत्री

नवनीतभाई पटेल
मंत्री-बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज

मात्र दो हजार के लेन-देन के तनाव में रिश्तेदार के घर लगा ली फांसी

# रेलवे की तैयारी कर रहे युवक ने दी जान

दबंग रिपोर्टर ■ इंदौर

खजराना में रिश्तेदार के यहां आए एक युवक ने मात्र दो हजार के लेन-देन के चलते सोमवार शाम फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को उसके पास से एक सुसाइड नोट मिला है। जिसमें उसने उधारी का जिक्र किया है। वह चार दिन पहले ही अपने चचेरे भाई के घर पर रहने आया था। फिलहाल पुलिस मामले में जांच कर रही है।

टीआई प्रीतमसिंह ठाकुर के मुताबिक घटना धीरज नगर की है। यहां 21 वर्षीय राहुल पिता गोपाल लोहार ने रिश्तेदार धन्नालाल के यहां फांसी लगाकर जान दे दी। राहुल पहले मूसाखेड़ी में दोस्त के साथ रहता था। रक्षा बंधन पर वह अपने घर श्यामगढ़, मंदसौर गया था। वहां से आने के बाद वह धीरज नगर आ गया। सोमवार शाम उसने यह कदम उठा लिया। परिवार में भाई सुनील ने बताया कि राहुल प्राइवेट जॉब करने के साथ ही रेलवे भर्ती की तैयारी कर रहा था। परिवार में उसके तीन भाई है, पिता किसान है। पुलिस को राहुल के कमरे से एक सुसाइड नोट मिला है। जिसमें किसी अजय मीणा से दो हजार रुपए उधार लेने की बात का जिक्र किया है। अजय उसे इस बात को लेकर परेशान कर रहा था। पुलिस के मुताबिक अभी परिवार के लोगों से अजय के बारे में जानकारी नहीं मिल पाई है। राहुल का मोबाइल भी जब्ती में लिया गया है। जल्द की मामले में कार्रवाई की जाएगी।

### पीएससी के छात्र की संदिग्ध मौत

इंदौर। पीएससी की पढ़ाई कर रहे छात्र की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। डॉक्टरों का कहना है कि जहर खाने से छात्र की मौत हुई है। जबकि छात्र ने पेट में दर्द होने पर दोस्त को बुलाकर खुद अस्पताल ले जाने को कहा था। पिता का कहना है बेटे को टाइफाइड हुआ था जो बिगड़ गया था। फिलहाल भंवरकुआं पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार मृतक का नाम शिवम पिता चंद्रभान (18) निवासी शिवपुरी है। वह बहन आरती के साथ गिरधर नगर में रहकर पीएससी की तैयारी कर रहा था। शिवम को टाइफाइड हो गया था। जिसके चलते वह कई दिनों तक अपने गांव में ही रहा। 30 अगस्त को वह वापस लौटा था। सोमवार उसकी तबीयत बिगड़ी तो उसने दोस्त को फोन कर बुलाया था। शिवम ने दोस्त को कहा उसके पेट में दर्द हो रहा है। उसे अस्पताल जाना है। दोस्त उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां कुछ देर के उपचार के बाद शिवम की मौत हो गई। डॉक्टरों ने भंवरकुआं पुलिस को सूचना देकर बताया कि शिवम ने जहर खा लिया था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में करवाया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा कि शिवम की मौत कैसे हुई।

## करंट लगने से मजदूर की मौत

इंदौर। विजय नगर में मंगलवार सुबह एक मजदूर की करंट लगने से मौत हो गई। उसने पानी भरने के दौरान गीले हाथ से पानी की मोटर पकड़ ली थी।

पुलिस के मुताबिक घटना सोलंकी नगर की है। यहां चमन (35) पिता खेतानसिंह की करंट लगने से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक चमन मूल रूप से छिंदवाड़ा का रहने वाला था और यहां पत्नी मीरा और तीन बच्चों के साथ किराए से रहता था। सुबह काम पर जाने के पहले उसने पत्नी को चाय बनाने के लिए कहा था। इस दौरान वह पानी भरने लगा। उसने गीले हाथों से पानी की मोटर पकड़ ली, जिसमें उसे करंट लगा और गिर गया। उसे एमवाय पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

प्रताप स्नैक्स लिमिटेड
सीआईएन: L15311MP2009PLC021746
पंजीकृत कार्यालय: सरसरा नं. 378/2, नेगाज रोड, मकरंद हाउस के पास, पालदा, इन्दौर-452020, मध्य प्रदेश, भारत, दूरभाष: (0731) 213 9999,
ई मेल: compliance.officer@yellowdiamond.in, वेबसाइट: www.yellowdiamond.in

वार्षिक सामान्य बैठक, बुक क्लोजर एवं रिमोट ई-वोटिंग की जानकारी हेतु सूचना

एतद द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कंपनी की 10वीं वार्षिक आम बैठक शुक्रवार, दिनांक 27 सितंबर, 2019 को दोपहर 01.30 बजे कंपनी के पंजीकृत कार्यालय खसरा नं. 370/2, नेगाज रोड, मकरंद हाउस के पास, पालदा, इन्दौर-452020, मध्य प्रदेश, भारत में होगी।

बैठक की सूचना पत्र जिसमें मामले जाने वाले प्रस्तावित व्यवसाय निहित है, के साथ वार्षिक रिपोर्ट 2018-19 जिसमें निदेशक रिपोर्ट, लेखा परीक्षक का रिपोर्ट तथा कम्पनी के अंकेक्षित वित्तीय ब्यौरा शामिल है, कम्पनी के शेयर धारकों को व्यक्तिगत रूप से उनके पंजीकृत पते पर भेज दिया गया है। उपर्युक्त दस्तावेज उन शेयर धारकों को जिन्होंने अपना ई-मेल पता पंजीकृत करना लिया है, इलेक्ट्रानिक रीति से भेज दिया गया है। कम्पनी ने वार्षिक रिपोर्ट के प्रति ई-मेल एवं अमूर्त रूप से दिनांक 2 सितंबर, 2019 को शेयर धारकों को प्रेषित कर दिया है। शेयर धारकों को इतद द्वारा सूचित किया जाता है कि बैठक की सूचना पत्र तथा उपर्युक्त दस्तावेज कम्पनी की वेबसाईट www.yellowdiamond.in पर उपलब्ध है तथा कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में सभी कार्य दिवस को बैठक की तारीख सहित तक कार्यालयीन समय के दौरान निरीक्षण हेतु भी उपलब्ध है।

कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 91 सहपठित कम्पनियों (प्रबंधन एवं संचालन) नियम, 2014 के तहत सदस्यों का रजिस्टर तथा शेयर ट्रांसफर खाते शनिवार, दिनांक 21 सितंबर, 2019 से शुक्रवार, दिनांक 27 सितंबर, 2019 (दोनों दिनांक सहित) कम्पनी की वार्षिक आम बैठक एवं लाभांश भुगतान हेतु (यदि घोषित होता है) बन्द रहेंगे।

कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 108 एवं कम्पनियों के (प्रबंधन एवं संचालन) नियम 20 के तहत तथा सेबी (सूचीबद्ध दायित्वों तथा प्रकटीकरण आवश्यकताओं) विनियम, 2015 की विनियम 44 के तहत कम्पनी ने अपने शेयर धारकों को इलेक्ट्रानिक माध्यम द्वारा वोटिंग करने की सुविधा प्रदान की है। शेयर धारकों को आम सभा के निर्धारित स्थान के बदले अन्य स्थान से इलेक्ट्रानिक रीति ("रिमोट ई-वोटिंग") द्वारा सेन्ट्रल डिपाजिटरी सर्विसेज (इन्डिया) लि. (सी.डी.एस.एल) द्वारा वोटिंग करने की सुविधा प्रदान की जावेगी।

बैठक की सूचना पत्र में निर्दिष्ट व्यवसायों को इलेक्ट्रानिक वोटिंग के माध्यम से निष्पादित किया जा सकता है। रिमोट ई-वोटिंग से संबंधित सूचना के साथ साथ यूजर आई.डी एवं पास वर्ड सहित तथा होने वाली बैठक की सूचना पत्र की एक प्रतिलिपि सदस्यों को प्रेषित कर दिया गया है। यह पत्र व्यवहार तथा बैठक की सूचना पत्र कम्पनी के वेबसाईट www.yellowdiamond.in तथा सी.डी.एस.एल. के वेबसाईट www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध है।

रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा सोमवार, दिनांक 23 सितंबर, 2019 प्रातः 09.00 बजे से प्रारंभ होगी और गुरुवार, दिनांक 26 सितंबर, 2019 को सायं 05.00 बजे समाप्त हो जावेगी। उपर्युक्त दिनांक व समय के बाद रिमोट ई-वोटिंग द्वारा मतदान करने की अनुमति नहीं दी जावेगी। वे सदस्य जिनका नाम शुक्रवार, दिनांक 20 सितंबर, 2019 (Cut-of Date) को रजिस्टर ऑफ मेम्बर्स /बेनिफिशियल आनर्स में है, उन्हें ही रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अथवा बैठक में मतदान करने की सुविधा प्रदान की जावेगी। यदि कोई व्यक्ति बैठक की सूचना पत्र के प्रेषित करने के बाद और शुक्रवार, दिनांक 20 सितंबर, 2019 (Cut-of Date) को शेयर धारक करके कम्पनी का सदस्य बनता है, वह helpdesk.evoting@cdslindia.com पर एक अनुरोध पत्र भेजकर यूजर आई.डी. और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। यदि सदस्य ई-वोटिंग के लिए सी.डी.एस.एल. पर पहले से पंजीकृत है तब वह रिमोट ई-वोटिंग करने के लिए अपना वर्तमान यूजर आई.डी. और पासवर्ड का प्रयोग कर सकता है।

वे सदस्य जो रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना मतदान कर देते हैं, वे बैठक में उपस्थित हो सकते हैं परन्तु वे फिर से मतदान करने के अधिकारी नहीं होंगे। बैठक में मत पत्र/पोलिंग पत्र द्वारा मतदान करने की सुविधा उपलब्ध होगी और वे सदस्य जो बैठक में उपस्थित होते हैं तथा रिमोट ई-वोटिंग द्वारा मतदान नहीं किये हैं, वे बैठक में मत पत्र/पोलिंग पत्र द्वारा मतदान करने के योग्य होंगे।

यदि रिमोट ई-वोटिंग के विषय में कोई प्रश्न या मुद्दा है तो शेयर धारक "फ्रीक्वेन्टली आस्क्ड क्वेश्चन" और रिमोट ई-वोटिंग मेनुअल जो कि www.evotingindia.com के सहायता अनुभाग पर उपलब्ध है, उल्लेख कर सकते हैं या श्री राकेश दत्तवी, प्रबंधक, ए विंग, 25वीं मंजिल, मेराथन फ्यूटरेक्स, मफतलाल मिल कम्पाउंड, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल (पू.) मुंबई-400013 से ई-मेल helpdesk.evoting@cdslindia.com या फोन नं. 1800225533 पर संपर्क कर सकते हैं।

वृत्ते प्रताप स्नैक्स लिमिटेड
(हस्ताक्षर)
ओम प्रकाश पाण्डे
कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी

स्थान: इन्दौर
दिनांक: 3, सितंबर 2019

अपराध

विरोध करने पर बदमाश ने की मारपीट, परिजन ने देखा तो भाग गया

# तीज की पूजा कर लौट रही नाबालिग से की छेड़छाड़

दबंग रिपोर्टर ■ इंदौर

तीज की पूजा कर लौट रही नाबालिग को बदमाश ने रोका और कार में बैठाकर ले जाने लगा। नाबालिग ने शोर मचाया तो बदमाश ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। तभी नाबालिग के परिजन वहां पहुंचे। उन्हें देखकर बदमाश कार छोड़ भाग गया। रावजी बाजार और पलासिया में भी छेड़छाड़ की दो घटनाएं हुई। तीनों घटनाओं में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

गांधी नगर थाना क्षेत्र में रहने वाली नाबालिग के भाई ने बताया कि उसकी 17 वर्षीय बहन तीज की पूजा कर सुबह 4.30 बजे पैदल अपने घर लौट रही थी। वह महावीर मार्ग गांधी नगर पहुंची। तभी शंकर कॉलोनी गांधी नगर में रहने वाला बबलू मराठा कार लेकर वहां पहुंच गया। उसने कार नाबालिग के आगे लगा दी और वह नाबालिग को कार में बैठाने लगा। विरोध करने पर बदमाश ने नाबालिग के साथ मारपीट की। परिजन ने आवाज सुनी तो दौड़ लगाकर उसके पास पहुंचे। परिजन को देखकर बदमाश बबलू मराठा कार छोड़कर वहां से भाग गया। गांधी नगर पुलिस ने कार जब्त कर बबलू की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बबलू के खिलाफ छेड़छाड़ व मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया है।

### घर में घुसकर की छेड़छाड़, केस दर्ज

बदमाश ने घर में घुसकर नाबालिग के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। नाबालिग ने विरोध किया तो बदमाश उसे जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस के अनुसार घटना रावजी बाजार थाना क्षेत्र में रहने वाली नाबालिग के साथ हुई। वह परिजन के साथ सोमवार थाने पहुंची और पुलिस को बताया कि मैं घर में सो रही थी। तभी घर के अंदर बम्बई बाजार में रहने वाला अरुलम घुस आया और छेड़छाड़ शुरू कर दी। नाबालिग ने शोर मचाया तो उसके परिजन जाग गए। उन्हें देखकर अरुलम कहने लगा कि अगर वह बात किसी को बताई तो मैं तुम लोगों को जान से खत्म कर दूंगा। रावजी बाजार पुलिस ने असलम के खिलाफ छेड़छाड़ सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बड़ी पलासिया थाना क्षेत्र में रहने वाली कुश्ती की रिपोर्ट पर पुलिस ने एक मोबाइल नंबर धारक के खिलाफ केस दर्ज किया है। कुश्ती ने पुलिस को बताया कि उक्त मोबाइल नंबर का धारक उसे फोन कर अश्लील बातें कर परेशान करता है। पलासिया पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।